समाचार

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना

25 मार्च को वार्ड क्र. 01, 14, 31, 39, 42, 53, 57, 65 में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट

(अब तक 678 शिविरों के माध्यम से की गई 35102 लोगों की जांच एवं मुफ्त में इलाज)

कोरबा 24 मार्च 2021 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 25 मार्च गुरूवार को वार्ड क्र. 01, 14, 31, 39, 42, 53, 57, 65 के निर्धारित स्थलों में मोबाईल मेडिकल टीम पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज करेगी, वहीं अब तक 678 शिविरों के माध्यम से कोरबा निगम क्षेत्र में 35102 व्यक्तियों की मुफ्त जांच एवं उनका निःशुल्क इलाज किया जा चुका है।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्लम क्षेत्र में रहने वाले लोगों को उनकी बस्ती घर एवं दुवार पहुंचकर गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, उनकी जांच एवं विभिन्न बीमारियों का इलाज व दवाईयां उपलब्ध कराने हेतु जनकल्याणकारी योजना मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना क्रियान्वित की गई है। योजना के तहत डाक्टर, नर्स तथा अन्य मेडिकल स्टाफ व दवाईयों के साथ मोबाईल मेडिकल यूनिट स्लम क्षेत्रों में पहुंच रही है तथा वहां के निवासियों की निःशुल्क जांच व विभिन्न बीमारियों का इलाज कर रही है। नगर निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत विगत 06 नवम्बर से मोबाईल मेडिकल यूनिट निर्धारित कार्यक्रम के तहत वार्डो एवं बस्तियों में पहुंच रही है, वहीं अब तक निगम क्षेत्र में 678 शिविरों के माध्यम से 35102 व्यक्तियों की मुफ्त जांच एवं उनकी विभिन्न बीमारियों का इलाज किया गया।

गुरूवार 25 मार्च को इन स्थानों पर पहुंचेगी मेडिकल यूनिट– निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 25 मार्च 2021 गुरूवार को वार्ड क्र. 01 सर्वमंगलापारा सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस मैंगजीनभांठा सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 31 जगन्नाथ मंदिर के समीप, वार्ड क्र. 39 आजाद नगर आंगनबाड़ी के पास, वार्ड क्र. 42 रूमगरा शांतिनगर, वार्ड क्र. 53 दर्रीखार गेरवाघाट प्राथमिक शाला, वार्ड क्र. 57 आनंदनगर भैरोताल, वार्ड क्र. 65 कुदरीपारा सियारपारा सामुदायिक भवन के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो–सामान के साथ पहुंचेगी तथा प्रातः 08 बजे से अपरांह 03 बजे तक लोगों की निःशुल्क जांच एवं उनकी बीमारियों का मुफ्त में इलाज करेगी।